चीन विश्व भर में लड़ाकू विमानों का सब से बड़ा निर्माता

2474. श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की सूचना मिली है कि चीन जैट लड़ाकू विमानों का संसार में सब से बड़ा निर्माता है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (ग) सरकार ने इस आशय की सूचना देखी है परन्तु इसकी सचाई अभी तक प्रमाणित करना सम्भव नहीं हो सका। रक्षा तत्परता के लिए योजना बनाते समय चीन के लड़ाकू विमान कारखानों में विस्तार का ध्यान रखा जाता है ।

Alleged concentrated Attack on India by Soviet Publicity Organs

2475. SHRI PILOO MODY: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the attention of Government has been drawn to a report in the 'March of the Nation' Weekly dated the 5th August saying that the various publicity organs of the Soviet Union are concentrating their attack on India; and

(b) the reaction of Government thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) Government do not agree with the assessment, as given in the 'March of the Nation' Weekly of August 5th, 1972.

'खोये भारतीय संवाददाता पाकिस्तानी टी वी पर देखें गये'

2476. डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : प्रो० मधु दंडवते

क्या **विदेश** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिल्ली से प्रकाशित दिनांक 4 नवम्बर, 1972 के दैनिक 'मदरलैण्ड' में "खोये भारतीय सम्वाददाता पाकिस्तानी टी वी पर देखे गये" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विदेश मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) गैर सरकारी प्रेक्षकों ने इस तथ्य की पुष्टि की है इन पत्रकारों को पाकिस्तानी टेलीविजन पर देखा गया था जिससे यह ज्ञात होता है कि पाकिस्तान सरकार को इनका पता ठिकाना मालूम था फिर भी पाकिस्तान ने भारत सरकार तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रेस संस्थान द्वारा उनकी ओर किए गए अनुरोध की उपेक्षा करना उचित समझा। जैसा कि भारतीय प्रतिनिधि ने 1 नवम्बर, को संयुक्त राष्ट्र सामाजिक एवं लोकोपकार समिति में भी कहा था, इससे पाकिस्तानी "हवालात में कैदियों के प्रति पाकिस्तान सरकार की निर्मम उपेक्षा" का पता चलता है। पाकिस्तान सरकार के इस अमानवीय व्यवहार पर सरकार गम्भीर आपत्ति प्रकट करती है ।